मार्च तक पूरा करें 'अमृत 2' के सभी कार्य

सीएम ने दिये निर्देश, पोहरा नदी पुनर्जीवन सहित विभिन्न कार्यों की ली जानकारी

नागपुर, निज संवाददाता. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अमृत-2 के तहत चल रहे सभी कार्यों को मार्च 2027 तक किसी भी हालत में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं. इसके साथ ही उन्होंने सड़क खुदाई और उसके बाद समतलीकरण की कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार करने का निर्देश भी दिया. शहर में 'अमृत 2' योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों तथा पोहरा नदी के प्रदूषण उन्मूलन और पुनर्जीवन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में रामगिरी में समीक्षा बैठक हुई.

बैठक में 'अमृत 2' योजना के तहत शहर में चल रहे सड़क खुदाई और उसके बाद किए जा रहे समतलीकरण के संदर्भ में नगरसेवकों ने अपने-अपने प्रभागों में खुदाई से जुड़ीं समस्याएं सामने रखीं.

नगरसेवकों ने रिंग रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर भी नाराजगी जताई. विधायक प्रवीण दटके ने नागरिकों को हो रही परेशानी पर नाराजगी व्यक्त की. वहीं स्थायी समिति सभापति शिवानी दाणी वखरे ने बारिश के दौरान नागरिकों को हुई परेशानी की जानकारी मुख्यमंत्री को दी.

बैठक में मनपा आयुक्त विपिन इटनकर, अतिरिक्त आयुक्त अंकित, मुख्यमंत्री की ओएसडी आशा पठान, मुख्य अभियंता संभाजी माने, कार्यकारी अभियंता नीता ठाकरे, मुख्य अभियंता लीना उपाध्ये, नगरसेवक तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. सीएम ने शहर में भविष्य में होने वाली सड़क खुदाई और उसके बाद समतलीकरण की प्रक्रिया के लिए संबंधित सभी विभागों की संयुक्त बैठक बुलाकर एक व्यापक और सख्त 'नीति' तैयार करने के निर्देश दिए.

लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी. साथ ही सभी कार्यों के लिए संबंधित विभागों के बीच उचित समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. इटनकर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से 'अमृत 2' योजना के कार्यों के साथ-साथ पोहरा नदी के प्रदूषण उन्मूलन और पुनर्जीवन परियोजना की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने विभिन्न स्थानों पर बनाए जाने वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की जानकारी भी दी. आयुक्त ने बताया कि जयताला में 10 एमएलडी और चिखली में 35 एमएलडी क्षमता के एसटीपी बनाए जाएंगे. इसके अलावा चिंचभवन, बीडीपेठ और सोमलवाड़ा में पंपिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे

कार में धराए ड्रग्स विक्रेता, 12 .23 लाख का माल जब्त

कार्यालय प्रतिनिधि

नागपुर. क्राइम ब्रांच यूनिट 6 की टीम ने गश्त के दौरान मिली जानकारी के आधार पर ऑटोमोटिव चौक के समीप एक कार में 2 ड्रग्स विक्रेताओं को गिरफ्तार किया. उनसे 12.23 लाख रुपये का माल जब्त किया गया. पकड़े गए आरोपियों में यशोधरानगर निवासी मनोज मोहनलाल गुप्ता (30) और कपिलनगर निवासी रिचर्ड प्रणोत फ्रेड्रिग्ज (24) का समावेश है.

शुक्रवार रात 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ऑटोमोटिव चौक पर शेरे पंजाब लॉन के सामने एक कार में 2 लोग संदेहास्पद स्थिति में बैठे हैं और उनके पास नशीले पदार्थ होने की संभावना है. तुरंत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. वहां खबरी द्वारा दी गई जानकारी के हिसाब से एक कार और दोपहिया वाहन खड़ा दिखाई दिया. मनोज और रिचर्ड अपने वाहनों के पास खड़े थे. संदेह के आधार पर पुलिस ने उनकी तलाशी ली. कार की तलाशी लेने पर पुलिस को 18 ग्राम एमडी बरामद हुई. माल के बारे में पूछताछ करने पर आरोपियों ने यशोधरानगर निवासी लक्की शाहू द्वारा सप्लाई किए जाने की जानकारी दी. पुलिस ने आरोपियों से ड्रग्स, 2 मोबाइल और 2 वाहन जब्त कर पांचपावली थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया. आरोपी लक्की शाहू की तलाश जारी थी. इंस्पेक्टर भारत कर्हाड़े, एपीआई सचिन गायकवाड़, पीएसआई राहुल रोटे, एएसआई मुकेश खंडारे, हेड कांस्टेबल जयंत नांदेकर, नारायण पारवेकर, विरेंद्र पांडे, नीलेश श्रीपात्रे, प्रफुल पारधी, लक्ष्मीकांत सोनटक्के, रविंद्र राउत और मनीष मिश्रा ने कार्रवाई को अंजाम दिया.

छपारा में जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता गणपति

छपारा नवभारत। नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणेशोत्सव को लेकर उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। शुभ मुहूर्त में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही 14 सितंबर से दस दिवसीय गणेशोत्सव का आगाज हो गया। नगर के विभिन्न वॉर्डों सहित,सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं।

वहीं घरों में भी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश से सुख, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। प्रतिमा स्थापना के समय पंडालों में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष गूंजते रहे। छपारा नगर के बस स्टैंड, लोधी वॉर्ड,झंडा चौक महाराणा प्रताप कॉलोनी,जायसवाल कॉलोनी सहित नगर के महाराजा तकिया वॉर्ड सहित अन्य स्थानों में लगभग 25 से तीस सार्वजनिक पंडालों में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है जिसमें सुबह-शाम श्रद्धालुओं द्वारा पूजन पाठ किया जा रहा है वहीं कॉलोनी क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों द्वारा पंडालों को आकर्षक रूप देने के साथ विद्युत साज-सज्जा भी की गई है। अनेक समितियों ने धार्मिक एवं सामाजिक संदेशों पर आधारित झांकियां तैयार की हैं। आगामी दिनों में पंडालों में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम होंगे। गणेशोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए समितियों द्वारा व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।

8,000 से अधिक कृषि पंपों को अब दिन में बिजली

मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 बनी जिले के किसानों के लिए वरदान

नागपुर, निज संवाददाता. ग्रामीण महाराष्ट्र के कृषि क्षेत्र को तकनीकी मजबूती और आर्थिक समृद्धि देने के लिए राज्य सरकार द्वारा महावितरण के माध्यम से शुरू की गई 'मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0' नागपुर जिले में सौर क्रांति ला रही है. इस योजना से जिले के 8,199 किसानों को सिंचाई के लिए रात में खेतों में जाने की परेशानी और दुर्घटनाओं के खतरे से राहत मिली है. अब उन्हें दिन में निर्बाध और भरोसेमंद बिजली उपलब्ध हो रही है. महावितरण के नागपुर ग्रामीण मंडल के उमरेड तहसील के उडसा स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र के लिए मे. सुराना इलेक्ट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित 5 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा प्रकल्प सफलतापूर्वक शुरू किया गया है. इससे पहले येनवा उपकेंद्र के अंतर्गत येरला धोटे में 7 मेगावाट (4 और 3 मेगावाट), कचारी सावंगा में 4 मेगावाट, तोंडाखैरी में 3 मेगावाट और सावरगांव में 8 मेगावाट क्षमता के सौर प्रकल्प शुरू किए जा चुके हैं.

उडसा प्रकल्प के शुरू होने के बाद नागपुर ग्रामीण मंडल की कुल सौर बिजली उत्पादन क्षमता 27 मेगावाट हो गई है. इससे 8 हजार से अधिक किसानों के लिए दिन में बिजली उपलब्ध होने का रास्ता सुगम हुआ है.

मार्च 27 तक 100 फीसदी का टारगेट: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की संकल्पना और मार्गदर्शन में मार्च 2027 तक राज्य में 100 प्रतिशत कृषि सिंचाई को सौर ऊर्जा पर लाने का लक्ष्य रखा गया है. इस अभियान को ऊर्जा विभाग की अपर मुख्य सचिव आभा शुक्ला और महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्र का मार्गदर्शन मिल रहा है. महावितरण नागपुर परिमंडल के मुख्य अभियंता राजेश नाईक, नागपुर ग्रामीण मंडल के अधीक्षक अभियंता संजय वाकडे और नागपुर शहर मंडल के अधीक्षक अभियंता प्रफुल्ल लांडे के नेतृत्व में जिले में सौर प्रकल्पों का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है

सीएम ने विपक्ष को लताड़ा : कहा, किसानों को दी जाएगी तत्काल मदद

हर बात का राजनीतिकरण करने की बुरी आदत

नागपुर, निज संवाददाता. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में सूखे की स्थिति पर राजनीति करने वाले विपक्षी दलों को लताड़ा है. उन्होंने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि सूखे के संबंध में सभी जीआर में कब और क्या करना है, इसके नियम निर्धारित हैं. उनका पालन करने पर ही एनडीआरएफ की राशि मिलती है. जो स्थायी आदेश हैं, उनका भी पालन किया जा रहा है. ये नियम आज के नहीं हैं और विपक्षी नेता भी इससे परिचित हैं लेकिन उन्हें हर बात का राजनीतिकरण करने की बुरी आदत लग गई है. वे नागपुर में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे. उन्होंने कहा कि राज्य के कुछ जिलों में उत्पन्न सूखे जैसी स्थिति की सरकार अगले सप्ताह समीक्षा करेगी. इसके बाद नुकसान का पंचनामा कर किसानों को तत्काल मदद दी जाएगी.

बारिश में लंबे अंतराल के कारण फसलों को नुकसान हो रहा है और कई स्थानों पर उत्पादन में कमी आने की भी आशंका है. उन्होंने कहा कि सूखे के संबंध में केंद्र से एनडीआरएफ की मदद प्राप्त करने के लिए निर्धारित नियमों का पालन करना पड़ता है. 5 अक्टूबर तक किए गए पंचनामों के आधार पर प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया शुरू है. हालांकि एनडीआरएफ की मदद का इंतजार किए बिना राज्य सरकार की ओर से संभव सहायता की जाएगी.

कर्जमाफी से कोई पात्र किसान वंचित नहीं रहेगा

उन्होंने बताया कि पालक मंत्रियों की बैठक में प्रत्येक जिले की स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं. इसके अनुसार जिलावार जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी. कर्जमाफी के पात्र लाभार्थियों की सूचियां तैयार हैं. कोई भी पात्र किसान मदद से वंचित न रहे, इसके लिए सूचियों को अंतिम रूप देने का काम जारी है. सूखे की स्थिति को देखते हुए चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने पहले ही उपाय किए हैं. जिन क्षेत्रों में कुओं में पानी उपलब्ध है, वहां खेती के लिए पानी का उपयोग हो सके, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं. किसानों को शाम के समय अतिरिक्त बिजली देने तथा आवश्यकता के अनुसार सिंगल फेज बिजली उपलब्ध कराने के प्रयास भी जारी हैं.

संवेदनशीलता दिखाएं अधिकारी

कृषि मंत्री की बैठक में अधिकारियों के काजू खाते हुए वीडियो वायरल होने के संबंध में पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि सरकारी बैठकों में प्रशासन की ओर से ड्राई फ्रूट्स या अल्पाहार रखने की परंपरा है. हालांकि सूखे की स्थिति में प्रशासन को अधिक संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करना चाहिए. उन्होंने बताया कि मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों में गंभीर सूखे की स्थिति है और छोटे बांधों में पानी का भंडार कम है. बड़े बांधों का पानी पीने के लिए सुरक्षित रखा गया है. आगामी स्थिति का अनुमान स्पष्ट होने तक इस संबंध में कोई अन्य निर्णय नहीं लिया जाएगा.

पहले खुद के गिरेबान में झांकें राहुल गांधी

बंगाल की नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों का मुख्यमंत्री ने जवाब दिया. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए. केवल कांग्रेस नेता होने के कारण किसी व्यक्ति को कार्रवाई से अलग नहीं रखा जा सकता.

1 नवंबर को 'चलो दिल्ली', 2 अक्टूबर से सत्याग्रह, 25 अक्टूबर को जिला स्तरीय मोर्चे

जनगणना में स्वतंत्र ओबीसी कॉलम के लिए हुंकार

ओबीसी नेताओं की बैठक में वडेट्टीवार ने की घोषणा

नागपुर, निज संवाददाता. जातिनिहाय जनगणना में ओबीसी के लिए स्वतंत्र कॉलम रखने की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की गई है. 1 नवंबर को 'चलो दिल्ली' का नारा देते हुए देशभर में आंदोलन किया जाएगा. इससे पहले 2 अक्टूबर से तहसील स्तर पर सत्याग्रह तथा 25 अक्टूबर को जिला स्तरीय आंदोलन और मोर्चे निकाले जाएंगे. यह जानकारी ओबीसी नेता विजय वडेट्टीवार ने दी. आंदोलन की रणनीति तय करने के लिए नागपुर में विदर्भ के ओबीसी नेताओं, पदाधिकारियों और प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. बैठक के बाद वडेट्टीवार ने कहा कि ओबीसी की स्वतंत्र पहचान दर्ज करने वाली जातिगत जनगणना होना हमारी स्पष्ट मांग है. ओबीसी की वास्तविक आबादी सामने नहीं आने पर प्रतिनिधित्व और आरक्षण के सवाल पर गंभीर असर पड़ सकता है. उन्होंने दावा किया कि जनगणना प्रक्रिया को लेकर सरकार द्वारा लिए गए निर्णय से समाज में असंतोष पैदा हुआ है. 13 सितंबर को दिल्ली में देशभर के करीब 65 ओबीसी संगठनों की बैठक हुई थी. इस बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी गई है. 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाले आंदोलन का स्वरूप देशभर के संगठनों की संयुक्त बैठक में तय किया जाएगा.

गालियां देना हमारा संस्कार नहीं: वडेट्टीवार ने कहा कि मनोज जरांगे पाटिल के आंदोलन के संदर्भ में सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों का अध्ययन किया जाएगा. उनकी मांगों से ओबीसी के अधिकार प्रभावित होते हैं या नहीं, यह स्पष्ट होने के बाद उसके खिलाफ भूमिका तय की जाएगी. जरांगे समर्थकों की ओर से की जाने वाली आलोचना पर कहा कि गालियां हमें भी देना आता है लेकिन यह हमारी संस्कृति और संस्कार नहीं है. बैठक में सकल ओबीसी महामोर्चा के संयोजक उमेश कोर्राम, सदानंद इलमे, बबलू कटरे, विलास काले, मोहन हरडे, अनिल डहाके, सतीश मालेकर, बालकृष्ण सारवे, मोंटू पिल्लारे, लोकमान्य बरडे, राजेश काकड़े, वंदना वनकर, अंजली सालवे, सुषमा भड़, रमेश पिसे, अशोक काकड़े, पीयूष आकरे, कृतल आकरे सहित विदर्भ के 11 जिलों के ओबीसी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

छात्रवृत्ति पर टालमटोल कर रही सरकार

ओबीसी विद्यार्थियों के मुद्दों को लेकर भी वडेट्टीवार ने आरोप लगाया कि महाज्योति, बार्टी जैसी संस्थाओं को आबादी के अनुपात में निधि देने तथा मैट्रिक-पूर्व और मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति के मुद्दों पर सरकार टालमटोल कर रही है. उन्होंने इन मुद्दों पर तत्काल ठोस निर्णय लेने की मांग की. मराठा आरक्षण के मुद्दे पर वडेट्टीवार ने कहा कि किसी भी समाज के हिस्से का अधिकार दूसरे समाज को नहीं दिया जाना चाहिए. जिन्हें आरक्षण देना है, उन्हें अलग से आरक्षण दिया जाए. ओबीसी के हिस्से का आरक्षण किसी को नहीं दिया जाना चाहिए.

कार्यालय कलेक्टर छिन्दवाड़ा मध्य प्रदेश एवं पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग "अधिसूचना"

क्रमांक /1303834 / प्रस्तु0/ भू-अर्जन/ 2026 छिन्दवाड़ा, दिनाँक 13/08/2026

कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग छिंदवाडा जिला छिंदवाडा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार मौजा ग्राम-भावई खुर्द, तहसील जुन्नारदेव के छिंदवाडा सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना के अंतर्गत संगम 1 में बांध के (बाँध लाईन) निर्माण हेतु निजी भूमि के अर्जन के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 के अन्तर्गत प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन मध्यप्रदेश के राजपत्र भाग-1 में दिनांक 25 जुलाई, 2025 को किया गया है। तदुपरांत अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के तहत निर्धारित समयावधि एक वर्ष के भीतर धारा-19 की कार्यवाही नही किया गया है।

कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग छिंदवाडा जिला छिंदवाडा के पत्र कमांक 3091/कार्य/भू-अर्जन /2026 छिंदवाडा दिनांक 10.08.2026 के परिपेक्ष्य में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 (7) उपधारा-1 के अन्तर्गत्त समुचित सरकार द्वारा बारह मास की अवधि के अवसान उपरांत, अवसान अवधि से आगामी बारह माह की अवधि के लिये समयवृद्धि की जाती है।

भूमि का वर्णन पूर्ववत् यथावत् निर्धारित रहेगा, किसी भी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(हरेंद्र नारायन)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

G18829/26

कार्यालय कलेक्टर छिन्दवाड़ा मध्य प्रदेश एवं पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग "अधिसूचना"

क्रमांक /1303836/ प्रस्तु0/ भू-अर्जन / 202 6 छिन्दवाड़ा, दिनाँक 13/08/2026

कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग छिंदवाडा जिला छिंदवाडा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार मौजा ग्राम-राम नगरी, तहसील जुन्नारदेव के छिंदवाडा सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना के अंतर्गत संगम-1 बांध निर्माण से डूब क्षेत्र हेतु निजी भूमि के अर्जन के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 के अन्तर्गत प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन मध्यप्रदेश के राजपत्र भाग-1 में दिनांक 25 जुलाई, 2025 को किया गया है। तदुपरांत अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के तहत निर्धारित समयावधि एक वर्ष के भीतर धारा 19 की कार्यवाही नहीं किया गया है।

कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग छिंदवाडा जिला छिंदवाडा के पत्र कमांक 3089/ कार्य / भू-अर्जन / 2026 छिंदवाडा दिनांक 10.08.2026 के परिपेक्ष्य में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 (7) उपधारा-1 के अन्तर्गत समुचित सरकार द्वारा बारह मास की अवधि के अवसान उपरांत, अवसान अवधि से आगामी बारह माह की अवधि के लिये समयवृद्धि की जाती है ।

भूमि का वर्णन पूर्ववत् यथावत् निर्धारित रहेगा, किसी भी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(हरेंद्र नारायन)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

G18847/26

विश्वविद्यालय के कॉलेजों में 17 हजार से अधिक एडमिशन

इंजीनियरिंग प्रवेश में नागपुर चौथे पायदान पर

ब्रांच वाइस एडमिशन
कम्प्यूटर 28,170
मैकेनिकल 19,702
इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलिकम्युनिकेशन 18,895
कम्प्यूटर इंजीनियरिंग 18,277
सूचना तकनीकी 15,219
सिविल इंजीनियरिंग 14,213
इलेक्ट्रिकल 11,726
कृत्रिम बुद्धिमत्ता 10,502

43 कॉलेज नागपुर विभाग में 17,084 सीटों पर हुआ प्रवेश 20 हजार के करीब थीं सीटें

नागपुर, महानगर संवाददाता. शैक्षणिक सत्र 2026-27 के इंजीनियरिंग पदवी पाठ्यक्रमों में नागपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों में 17,084 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है. राज्य के 17 सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के अंतर्गत हुए प्रवेश में नागपुर विश्वविद्यालय का स्थान चौथा रहा. राज्य में सबसे अधिक प्रवेश सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में हुए.

महाराष्ट्र राज्य सामाईक प्रवेश परीक्षा कक्ष (सीईटी सेल) के अनुसार राज्य के 387 इंजीनियरिंग कॉलेजों में 111 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया संचालित की गई. इस वर्ष कुल 1 लाख 81 हजार 927 विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग में प्रवेश लिया है. इनमें 1 लाख 14 हजार 121 छात्र और 67 हजार 806 छात्राएं शामिल हैं. पिछले वर्ष 1 लाख 66 हजार 746 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था?. इस तरह इस वर्ष प्रवेश संख्या में 15,181 की वृद्धि हुई है.

- पुणे अब भी नंबर -1

विश्वविद्यालयवार आंकड़ों में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में 64,822 प्रवेश हुए. इसके बाद डॉ. बाबासाहब आंबेडकर तकनीकी विश्वविद्यालय, लोणेरे के अंतर्गत 34,385, मुंबई विश्वविद्यालय के अंतर्गत 32,126 और राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में 17,084 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया. इसके बाद शिवाजी विश्वविद्यालय में 9,921, संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय में 9,571 तथा अन्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में प्रवेश हुए हैं.

- कंप्यूटर की सबसे ज्यादा मांग

राज्यभर में शाखानुसार सबसे अधिक 28,170 विद्यार्थियों ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग में प्रवेश लिया. इसके बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 19,702, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन में 18,895, कंप्यूटर साइंस में 18,277, सूचना प्रौद्योगिकी में 15,219 और सिविल इंजीनियरिंग में 14,213 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस में भी 10,502 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है. आंकड़ों से इंजीनियरिंग में कंप्यूटर और उससे संबंधित शाखाओं की ओर विद्यार्थियों का रुझान स्पष्ट होता है.

सुकवाह में NSL की 'आसान खेती' धान तकनीक की किसान गोष्ठी आज

गोपालगंज नवभारत। नुजिवीडू सीड्स लिमिटेड (NSL) द्वारा किसानों को धान की खेती में नई तकनीक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी देने के उद्देश्य से 'हस्रु आसान खेती' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सादा लाम्बा-मुक्त रिसर्च HT टेक्नोलॉजी धान का क्षेत्रीय प्लॉट प्रदर्शन एवं किसान गोष्ठी आयोजित होगी।कार्यक्रम 20 सितंबर रविवार को सुकवाह, जिला सिवनी में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों को DSR (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति के लिए बताई जा रही 'आसान खेती' टेक्नोलॉजी तथा सादा लाम्बा-मुक्त धान की किस्म के संबंध में जानकारी दी जाएगी। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम का उद्देश्य धान की खेती को किसानों के लिए सरल बनाने तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से खेती की संभावनाओं से किसानों को अवगत कराना है। नुजिवीडू सीड्स लिमिटेड ने क्षेत्र के किसानों से कार्यक्रम में शामिल होकर नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करने का आह्वान किया है। आयोजकों का संदेश है धान की खेती को आसान बनाना है,